# इतिहास में तीसरी बार स्पेन अंतिम चार में



## 41वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया

**इंग्लवुड, (कैलिफोर्निया) 11 जुलाई. सुपर-सब मिकेल मेरिनो के आखिरी क्षणों में किये गये गोल की बदौलत स्पेन ने फीफा विश्वकप 2026 में बेल्जियम पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. यह विश्वकप के इतिहास में तीसरी बार है जब स्पेन ने अंतिम चार में जगह बनाई है.**

शुक्रवार रात खेले गये विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में स्पेन की ओर से फैबियन रुइज और मिकेल मेरिनो ने गोल किये. वहीं बेल्जियम की ओर एकमात्र गोल चार्ल्स डी केटेलेरे ने दागा.

पहले हाफ में दोनों टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ गोल दागे. स्पेन की ओर से फैबियन रुइज ने 30वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद 11 मिनट बाद बेल्जियम ने चार्ल्स डी केटेलेरे के 41वें मिनट के गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. ऐसे में मैच जब अतिरिक्त समय की ओर बढ़ता दिख रहा था, इसी दौरान बेल्जियम के गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ चोट के कारण 71वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए. उनके स्थान पर आए सेन लामेंस 88वें मिनट में मिकेल मेरिनो के गोल नहीं रोक पाये. इस निर्णायक गोल ने स्पेन को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया. इस जीत के साथ स्पेन ने लगातार 36वां मैच बिना हार के पूरा किया और इटली के 37 मैचों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गया. स्पेन अब मंगलवार को एक सपने जैसे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना करेगा. बेल्जियम पर जीत के बाद स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'यह हमारी टीम के जज्बे का परिणाम है. इतनी समर्पित और लगातार बेहतर करने वाली टीम का कोच होना मेरे लिए सम्मान की बात है. हम फ्रांस को हरा सकते हैं. हम इसके लिए पूरी मेहनत करेंगे. हमारी टीम दो बार फ्रांस को हरा चुकी है. अब एक महान टीम का सामना दूसरी महान टीम से होगा.' मैच विजयी गोल करने वाले मिकेल मेरिनो ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं. शायद ऐसा मौका दोबारा कभी न मिले.



### विश्व कप सेमीफाइनल में फ्रांस को हमसे डरना चाहिए : लामिन यामल

**कैलिफोर्निया (अमेरिका).** स्पेन के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लामिन यामल ने कहा है कि हमने फ्रांस को पहले भी दो बार हराया और इसलिये फीफा विश्वकप के सेमीफाइनल में उन्हें हमसे डरना चाहिए। इंग्लेवुड स्थित सोफी स्टेडियम में बेल्जियम पर स्पेन की जीत के बाद यामल ने पत्रकारों से कहा, 'अगर फ्रांस को किसी से डरना चाहिए, तो वह हम हैं। हमने उन्हें पहले भी हराया है। हमने उन्हें दो बार मात दी है।

| समय | घटना |
|---|---|
| 30 मिनट | फैबियन रुइज ने स्पेन को बढ़त दिलाई |
| 41 मिनट | बेल्जियम ने बराबरी की |
| 71 मिनट | बेल्जियम के गोलकीपर कोर्टुआ चोट के कारण बाहर हुए |
| 88 मिनट | मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में पहुंचा |

**अर्जेंटीना का सफर**

| चरण | मुकाबला | नतीजा |
|---|---|---|
| राउंड ऑफ-32 | काबो वर्डे | 3-2 से जीत |
| राउंड ऑफ-16 | मिस्र | 3-2 से जीत |
| क्वार्टर फाइनल | स्विट्जरलैंड मुकाबला बाकी | |

**मेसी के आंकड़े**

| आंकड़ा | प्रदर्शन |
|---|---|
| उम्र | 39 साल |
| विश्व कप 2026 गोल | 8 |
| असिस्ट | 1 |
| पिछले दो विश्व कप योगदान | 15 गोल, 4 असिस्ट |

| टीम/खिलाड़ी | खास आंकड़ा |
|---|---|
| स्पेन | लगातार 36 मैचों से अजेय |
| मिकेल मेरिनो | 88वें मिनट में विजयी गोल |
| स्पेन | विश्व कप में तीसरी बार सेमीफाइनल |
| स्विट्जरलैंड | 1954 के बाद पहला क्वार्टर फाइनल |
| मेसी | 39 साल की उम्र में संभवत: आखिरी विश्व कप |
| बेल्जियम | कोर्टुआ की चोट के बाद मैच का रुख बदला |

## कैम्पाज़ को मिली धमकी, जांच की मांग

**बोगोटा.** कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ (एफसीएफ) ने शुक्रवार को अधिकारियों से मिडफील्डर जैमिंटन कैम्पाज़ को मिली धमकियों की जांच करने का आग्रह किया। यह मांग टीम के विश्व कप से बाहर होने के बाद की गई है। एफसीएफ ने कहा कि उसने अभियोजकों से उन लोगों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने को कहा है जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। कैम्पाज़ को सोशल मीडिया पर निशाना बनाया गया था क्योंकि मंगलवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ राउंड-ऑफ-16 मैच में एक्स्ट्रा टाइम के दौरान उन्होंने गोल करने का एक मौका गंवा दिया था। वैंकूवर में मैच बिना किसी गोल के ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की थी। एफसीएफ ने कहा, 'हम जैमिंटन कैम्पाज़, उनके परिवार, कोलंबियाई राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों और पूरे प्रतिनिधिमंडल के प्रति अपना पूरा समर्थन और एकजुटता व्यक्त करते हैं।हम अटॉर्नी जनरल के कार्यालय से यह भी अनुरोध करते हैं कि वे इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने, उन पर मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने के लिए



## अर्जेंटीना को परेशान करेगा स्विट्ज़रलैंड

**कैनसस सिटी (अमेरिका).** स्विट्ज़रलैंड के कप्तान ग्रैनिट ज़ाका का मानना है कि उनकी टीम शनिवार को मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को मुश्किल में डाल सकती है, क्योंकि वे पहली बार वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। स्विट्ज़रलैंड इस टूर्नामेंट में अभी तक कोई मैच नहीं हारा है। उन्होंने ग्रुप स्टेज में बोस्निया-हर्जेगोविना और कनाडा को हराया और कतर के साथ मैच ड्रॉ खेला, फिर नॉकआउट राउंड में अल्जीरिया और कोलंबिया को मात दी। 1954 के बाद यह उनका पहला वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल होगा। ज़ाका ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, 'हममें जीतने की भूख है, हमें सही सोच की ज़रूरत है और मुझे यकीन है कि हम अर्जेंटीना को वाकई मुश्किल में डाल सकते हैं। इतने सालों बाद, स्विट्ज़रलैंड के साथ यहां होना और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ़ खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। लेकिन मैं यहां सिर्फ़ बातें करने नहीं आया हूं। मैं अगला कदम उठाना चाहता हूं।' ज़ाका उस स्विट्ज़रलैंड टीम का हिस्सा थे जिसे 2014 वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ़ 16 में अर्जेंटीना ने 1-0 से हराया था.



## ब्राज़ील बाहर, विनीसियस ने माफ़ी मांगी

**रियो डी जेनेरो.** विनीसियस जूनियर ने नॉर्वे से राउंड ऑफ़ 16 में हारकर ब्राजील के वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद अपनी 'बेहद निराशा' ज़ाहिर की है। 25 साल के खिलाड़ी ने पिछले रविवार को नॉर्वे से ब्राज़ील की 2-1 से हार के लिए फ़ैन्स से माफ़ी मांगी। यह नतीजा 1990 के बाद से टीम के वर्ल्ड कप से सबसे जल्दी बाहर होने का कारण बना। उन्होंने कहा, 'लगभग चार साल बाद, मैं एक बार फिर सोच रहा हूँ कि वर्ल्ड कप की निराशा के बाद क्या लिखूँ,' उन्होंने कतर में क्रोएशिया से क्वार्टर फ़ाइनल में मिली हार का ज़िक्र करते हुए यह बात कही। 'हर उम्र के बहुत से लोगों ने हमारा समर्थन किया और हमारे सपने को अपनाया, इसलिए चुप रहना गलत होता। लेकिन मुझे सोचने-समझने के लिए कुछ दिनों की ज़रूरत थी।' न्यू जर्सी में पिछले रविवार को मिली हार से पहले, ब्राज़ील अपने वर्ल्ड कप ग्रुप में टॉप पर रहा था और राउंड ऑफ़ 32 में जापान को हराया था। विनीसियस ने टूर्नामेंट के दौरान चार गोल किए और एक असिस्ट दिया, जिससे नौ मैचों में उनका कुल वर्ल्ड कप रिकॉर्ड पाँच गोल और तीन असिस्ट का हो गया।



## अर्जेंटीना पर है दक्षिण अमेरिका की वर्ल्ड कप उम्मीदों का दारोमदार

**कैनसस सिटी (अमेरिका).** वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल में जब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का स्विट्ज़रलैंड से शनिवार को मुकाबला होगा, तो अर्जेंटीना पर दक्षिण अमेरिका की बची-खुची उम्मीदों का दारोमदार होगा. ब्राज़ील, कोलंबिया और पैराग्वे के राउंड ऑफ़ 16 से बाहर होने के बाद लियोनेल स्कालोनी की टीम दक्षिण अमेरिका की आखिरी बची हुई टीम बन गई है. अर्जेंटीना अब 1962 में ब्राजील के बाद ट्रॉफी बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने से सिर्फ़ तीन जीत दूर है. उसका सफ़र आसान नहीं रहा है. राउंड ऑफ़ 32 में काबो वर्डे को 3-2 से हराने के लिए अर्जेंटीना को एक्स्ट्रा टाइम की ज़रूरत पड़ी थी और मंगलवार को मिस्र के खिलाफ़ दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उसी स्कोर से जीत हासिल की. स्कालोनी ने कहा कि मुश्किल हालात से उबरने की ये घटनाएं उस टीम की मज़बूती दिखाती हैं जो 2021 के बाद जीते गए वर्ल्ड कप और दो कोपा अमेरिका ट्रॉफियों के साथ एक और खिताब अपने नाम करना चाहती है. 48 वर्षीय कोच ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, 'मैं चाहता हूं कि इस नेशनल टीम को ऐसी टीम के तौर पर याद किया जाए जिसने कभी हार नहीं मानी.





## सिनर का तूफान रोकने उतरेंगे ज्वेरेव

**लंदन, 11 जुलाई. विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर और दूसरी सीड अलेक्जेंडर ज़्वेरेव रविवार को विंबलडन चैंपियनशिप मैच के लिए कोर्ट पर उतरेंगे और दोनों ही 'द ऑल इंग्लैंड क्लब' के लॉन पर एक यादगार जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे.**

रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी सिनर, ग्रैंड स्लैम लेवल पर 2026 के मुश्किल दौर के बाद फिर से खिताब जीतने की राह पर लौटना चाहते हैं. वहीं, ज़्वेरेव पिछले महीने रौलां गैरो में अपनी पहली मेजर ट्रॉफी जीतने के बाद शानदार लय में हैं. वह सिनर के खिलाफ लगातार नौ मैच हारने का सिलसिला तोड़ना चाहते हैं और ओपन एरा में ऐसे पहले पुरुष खिलाड़ी बनना चाहते हैं जो अपनी पहली मेजर ट्रॉफी के ठीक बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम इवेंट में दूसरी ट्रॉफी जीते. तो, उस खिलाड़ी के खिलाफ ज़्वेरेव को क्या उम्मीद हो सकती है जिसने पिछले लगभग दो सालों से उन पर दबदबा बनाए रखा है? सबसे पहले, जर्मन खिलाड़ी को उम्मीद होगी कि नई सतह उन्हें हेड-टू-हेड राइवलरी में एक नई शुरुआत का मौका देगी: सिनर और ज़्वेरेव ने कभी भी ग्रास पर टूर-लेवल का मैच नहीं खेला है. इसके अलावा, एक अहम बात यह भी है कि वह पहली बार एक मेजर चैंपियन के पूरे आत्मविश्वास के साथ इटैलियन खिलाड़ी का सामना करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे.

## असुंता लकड़ा के सिलेक्शन से जुड़े आरोपों को खारिज किया

**रांची, 11 जुलाई. भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया सिलेक्शन कमिटी की सदस्य असुंता लकड़ा ने 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के सिलेक्शन प्रोसेस पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि टीम को अंतिम रूप देने के लिए हुई बैठकों में उन्हें शामिल नहीं किया गया.**



लकड़ा ने दावा किया कि इस साल मार्च के बाद सिलेक्शन कमिटी की कोई भी ऑनलाइन या ऑफलाइन बैठक उनकी भागीदारी के साथ नहीं हुई और शुक्रवार को टीम की घोषणा से पहले उनकी राय नहीं ली गई.

उन्होंने स्पष्ट किया कि वह खिलाड़ियों के सिलेक्शन पर सवाल नहीं उठा रही हैं.

### वनडे सीरीज के लिए डफी न्यूजीलैंड के 'मुख्य गेंदबाज' : सैंटनर

**प्रोविडेंस, (गुयाना).** न्यूजीलैंड टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा है कि वेस्ट इंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में तेज गेंदबाजी की कमान जैकब डफी संभालेंगे. डफी जो, पिता बनने की छुट्टी के कारण न्यूजीलैंड के हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर नहीं जा पाए थे, अब पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में लौट रहे हैं. मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और काइल जैमीसन को रेड-बॉल क्रिकेट में ज़्यादा काम के बाद आराम दिया गया है.

## पृथ्वी ने जीता राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स में स्वर्ण पदक

**रांची, 11 जुलाई. झारखंड की राजधानी रांची में प्रशिक्षण ले रहे युवा जिम्नास्ट पृथ्वी देव भट्टाचार्य ने दिल्ली के मंथन जिम्नास्टिक्स स्टेडियम में आयोजित थर्ड ऑल इंडिया मंथन जिम्नास्टिक्स कप-2026 (ऑल इंडिया ओपन नेशनल जिम्नास्टिक चैंपियनशिप) में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिविजुअल मेन यूथ वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का गौरव बढ़ाया है.**

धनबाद जिले के निरसा स्थित कांजीडीह के निवासी पृथ्वी वर्तमान में रांची में रहकर पढ़ाई के साथ जिम्नास्टिक्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं. उनकी इस उपलब्धि से राज्य के खेल जगत में उत्साह का माहौल है.




पृथ्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच विकास कुमार गोप को देते हुए बताया कि प्रतियोगिता से पहले वह चोटिल थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. उन्होंने कहा, 'मैं इंजर्ड था, लेकिन मेरी जिद थी कि इस चैंपियनशिप में जरूर खेलूं. मैं यह मौका गंवाना नहीं चाहता था. मेरे कोच ने लगातार अभ्यास कराया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया. उसी का परिणाम है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका. 'राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी.

### वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

**ब्रेडी.** हेली मैथ्यूज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने यहां खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 68 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया. इस जीत के साथ मेहमान टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. वेस्टइंडीज ने 38.4 ओवर में 270 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया. मैथ्यूज ने रियालेना ग्रिमंड (91) के साथ 258 रनों की रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की, जो वेस्टइंडीज महिला टीम के लिए वनडे में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है.

## पृथिका प्रदीप ने जीते कांस्य और रजत पदक

**नयी दिल्ली, 11 जुलाई. भारतीय तीरंदाज पृथिका प्रदीप ने शनिवार को आर्चरी वर्ल्ड कप 2026 स्टेज-4 में कंपाउंड वर्ग में भारत के अभियान की अगुवाई करते हुए व्यक्तिगत कांस्य पदक और महिला टीम के साथ रजत पदक जीता. ये दोनों पदक आर्चरी वर्ल्ड कप में पृथिका प्रदीप के करियर के पहले पदक हैं.**

महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में पिछले साल ढाका एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पृथिका प्रदीप ने कांस्य पदक मुकाबले में तुर्किये की हज़ाल बुरुन को 145-142 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई.



इससे पहले सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप को मलेशिया की फातिन नुरफातेहाह मात सालेह के खिलाफ 144-142 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबला खेलना पड़ा.

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम चौथे राउंड में हज़ाल बुरुन से हारकर बाहर हो गईं. वहीं, चिकिथा तानिपार्थी तीसरे राउंड में और परनीत कौर दूसरे राउंड में प्रतियोगिता से बाहर हो गईं. इससे पहले भारतीय महिला कंपाउंड टीम की ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिथा तानिपार्थी और पृथिका प्रदीप की तिकड़ी ने फाइनल में कोलंबिया की सारा लोपेज़, अलेजांद्रा उस्कियानो और मरियाना रोड्रिगेज़ से 232-228 से हारकर रजत पदक अपने नाम किया.

## विम्बलडन ने क्रिकेट की तीन पीढ़ियों के रूप में सम्मानित किया

**लंदन. विंबलडन ने एक विशेष सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों की तीन पीढ़ियों को सम्मानित किया, जिसमें सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और शुभमन गिल शामिल हैं.**

एक्स पर आधिकारिक विंबलडन अकाउंट ने एक कोलाज साझा किया जिसमें सेंटर कोर्ट के दो क्षणों को एक दशक से भी अधिक समय के अंतर से दिखाया गया है. तस्वीरों में 2015 में विंबलडन में भाग लेने वाले तेंदुलकर और कोहली के साथ-साथ गिल के बगल में बैठे तेंदुलकर की 2026 की तस्वीर भी शामिल है. विंबलडन ने एक्स पर कहा, 'सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, शुभमन गिल. भारतीय क्रिकेट के राजपरिवार की तीन पीढ़ियां एक तस्वीर में. 'प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम कार्यक्रम में भारत के तीन अग्रणी क्रिकेट सितारों की उपस्थिति का जश्न मनाते हुए, पोस्ट ने क्रिकेट और टेनिस प्रशंसकों दोनों का ध्यान तुरंत आकर्षित किया.

**दुर्गति** | 5वां टी 20 : बटलर-ब्रुक का तूफान, भारत विकेट को तरसा

## हुई हार : 0-4 से भारत ने गंवाई टी20 सीरीज

**साउथैंप्टन, 11 जुलाई. भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला शनिवार (11 जुलाई) को खेला गया. साउथम्प्टन के द रोज बाउल में हुए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने 56 रनों से शानदार जीत हासिल की. मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 258 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वो 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 4-0 से अपने नाम कर लिया.**

### नंबर-1 का ताज भी हाथ से निकला




पहली बार भारतीय टीम ने किसी टी20 सीरीज में चार मुकाबले गंवाए हैं. भारतीय टीम ने सीरीज तो गंवाया ही, वो आईसीसी की टी20 रैंकिंग में भी नंबर-1 की पोजीशन से डिसमिस हो गई. अब इंग्लैंड टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच चुका है. टी20 सीरीज का पहला मुकाबला चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेला गया, जो बारिश के चलते बेनतीजा रहा. वहीं मैनचेस्टर टी20ढ्ढ में इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत दर्ज की. नॉटिंघम में खेला गया मुकाबला इंग्लैंड ने 125 रनों से जीता. फिर ब्रिस्टल टी20 में भी मेजबान टीम ने 9 विकेट से जीत का स्वाद चखा. अब साउथम्प्टन में भी इंग्लिश टीम श्रेयस ब्रिगेड पर भारी पड़ी.

रनचेज में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. अभिषेक शर्मा सिर्फ 3 रनों के निजी स्कोर पर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने.

### डायमंड लीग में सर्वेश कुशारे ने किया तीसरा स्थान हासिल

**मोनाको.** भारतीय एथलीट सर्वेश कुशारे ने अपने पर्दापण मुकाबले में शुक्रवार को मोनाको डायमंड लीग 2026 में पुरुषों की हाई जंप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया. इस नतीजे के साथ, सर्वेश कुशारे डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट में टॉप-3 में जगह बनाने वाले चौथे भारतीय एथलीट बन गए. उनसे पहले डिस्कस थ्रोअर विकास गौड़ा, जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा और लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ऐसा कर चुके हैं. सर्वेश कुशारे, जो पिछले साल टोक्यो में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय हाई जंपर बने थे.

## जेलियन ने 200 मीटर की दौड़ जीती

**मोनाको, 11 जुलाई. सेंट लूसिया की धाविका जुलियन अल्फ्रेड ने शुक्रवार को मोनाको डायमंड लीग 2026 में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ इस साल के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीती.**

जूलियन अल्फ्रेड ने स्टेड लुइस ढ्ढढ्ढ में 21.51 सेकंड का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए अदाएजा हॉज और गैब्रिएल थॉमस को हराया. 0.9 मीटर/सेकंड की अनुकूल हवा (टेलविंड) के साथ दौड़ते हुए बनाया गया यह समय सेंट लूसिया का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है और इस साल दुनिया में सबसे तेज समय भी है.

ओलंपिक 100 मीटर की




मौजूदा चैंपियन अल्फ्रेड और पेरिस 2024 में 200 मीटर की स्वर्ण पदक विजेता थॉमस के बीच कड़ी टक्कर में थीं, लेकिन सेंट लूसिया की एथलीट ने आखिरी कुछ मीटर में बढ़त बना ली और अपने पिछले सबसे अच्छे समय 21.71 सेकंड में पूरे 0.2 सेकंड की कमी की. दौड़ जीतने के बाद अल्फ्रेड ने कहा, 'मैं इसके लिए बहुत लंबे समय से तैयारी कर रही थी, और आखिरकार इसका नतीजा देखकर मैं बहुत खुश हूं. फिनिश लाइन पार करने तक मुझे एहसास नहीं हुआ कि मैं कितनी तेज़ दौड़ी थी. मैंने घड़ी में अपना समय देखा और इसीलिए मैं ओलंपिक की तरह चिल्लाने लगी.